- यूनेस्को ने भगवद गीता और नाट्यशास्त्र को मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया।
- विश्व विरासत दिवस आज– राज्य के पुरातत्व विभाग के स्मारकों में सैलानियों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया।
- देशभर में आज गुड फ्राइडे पर गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन–गुरू तेग बहादुर साहेब का प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है।
- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तेज गर्मी का असर जारी– अगले दो दिन जोधपुर और बीकानेर संभाग मेँ कुछ स्थानों पर आंधी चलने के आसार।

0000

श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि इससे भारत के कालातीत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता मिली है। उन्होंने कहा कि गीता और नाट्यशास्त्र दोनों ने सदियों से सभ्यता तथा चेतना को पोषित किया है और इनसे प्राप्त अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे राष्ट्र के लिए गौरव का विषय बताया है। उल्लेखनीय है कि यूनेस्को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में अब कुल 14 भारतीय ग्रंथ शामिल हो गए हैं।

000

विश्व विरासत दिवस पर आज प्रदेशभर के पुरातात्विक स्थलों और धरोहरों पर विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। विरासत दिवस की इस वर्ष की थीम – विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष का संकट रखी गई है। इस अवसर पर सभी संरक्षित स्मारकों में दर्शकों के लिए निःशुल्क प्रवेश रखा गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की इस पहल का उद्देश्य लोगों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरुक और प्रेरित करना है। अजमेर जिले में सभी स्मारकों में पुरातत्व विभाग की ओर से प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

......................

जैसलमेर में विरासत दिवस पर सोनार दुर्ग से हैरिटेज वॉक निकाली गई। इस मौके पर प्रसिद्ध पटवा हवेली पर चित्रकला और फोटो प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है। पाली में राजकीय कन्या छात्रावास की छात्राओं को बांगड़ म्यूजियम का भ्रमण करवाया गया। भीलवाड़ा ज़िले के शाहपुरा क्षेत्र में स्थित केसरी सिंह बारहठ संग्रालय में सैलानियों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्व धरोहर दिवस की लोगों को शुभकामनाएं देते हुए राजस्थान की संस्कृति और समृद्ध ऐतिहासिक विरासत तथा धरोहरों के संरक्षण के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया।

000

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में पांच गुना वृद्धि हुई है। आज गुड़गांव के मानेसर में पत्रकारों से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि मेक इन इंडिया पहल के कारण इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में बड़ा उछाल आया है।

......................

श्री वैष्णव ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण योजना को मंजूरी दी है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और मजबूत होगा तथा रोजगार में बढोतरी होगी।

000

आज गुड फ्राइडे है। इस अवसर पर प्रदेशभर के गिरिजाघरों में विशेष आयोजन हो रहे हैं। सुबह प्रार्थना सभाएं रखी गई और प्रभु ईसा मसीह का अंतिम संदेश पढ़कर सुनाया गया। ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशू के बलिदान और त्याग को आत्मसात करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशू ने मनुष्यता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपना जीवन उत्सर्ग किया था। इस दिन लोग मानवता और आपसी भाईचारा मजबूत करने का संकल्प लेते हैं। इस बीच, आगामी रविवार को प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में ईस्टर को देखते हुए ईसाई समुदाय ने विशेष आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा है कि यह दिन हमें प्रेम, सहानुभूति, दयालुता और उदारता की प्रेरणा देता है।

000

सिक्ख पंथ के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर साहिब का प्रकाश पर्व आज परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। गुरु तेग बहादुर का जन्म 1621 में अमृतसर में हुआ था। उन्हें एक निर्भीक योद्धा के साथ ही आध्यात्मिक विद्वान और कवि के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर गुरुद्वारों में शबद कीर्तन के आयोजन किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु तेग बहादुर को उनके प्रकाश पर्व पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने गुरु तेग बहादुर को देश के सबसे महान आध्यात्मिक पथप्रदर्शकों में से एक बताया। वही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए गुरु तेग बहादुर को धर्म और मानवता का रक्षक बताया है। प्रदेश में भी प्रकाश पर्व के मौके पर गुरूद्वारों में विशेष धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। श्रीगंगानगर, कोटा, जयपुर में गुरू तेग बहादुर साहिब के प्रकाश पर्व पर शबद कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। हनुमानगढ़ जिले में भी विभिन्न गुरूद्वारों में प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है।

000

केन्द्र सरकार ने आज स्पष्ट किया कि उपग्रह आधारित टोल शुल्क प्रणाली पहली मई से शुरू करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इससे जुडी मीडिया खबरों का खंडन करते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि न तो मंत्रालय और न ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इस संबंध में कोई निर्णय लिया है। मंत्रालय ने कहा कि टोल प्लाजा के माध्यम से वाहनों की निर्बाध, बाधा–मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करने और यात्रा समय को कम करने के लिए, चयनित टोल प्लाजा पर फास्टैग आधारित बाधारहित स्वंचालित नंबर प्लेट पहचान टोल प्रणाली लागू की जाएगी। इस प्रणाली में स्वंचालित नंबर प्लेट पहचान तकनीक और मौजूदा फास्टैग प्रणाली को आपस में जोडा जाएगा। इसके तहत, वाहनों को टोल प्लाजा पर रुकने की आवश्यकता नहीं होगी। उच्च क्षमता वाले एएनपीआर कैमरों और फास्टैग रीडर्स के माध्यम से पहचान के आधार पर टोल शुल्क लिया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों को ई–नोटिस भेजा जाएगा, जिसका भुगतान न करने पर फास्टैग निलंबित किया जा सकता है और वाहन से संबंधित अन्य दंड लगाये जा सकते हैं।

000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तेज गर्मी का असर बना हुआ है। बारां, पाली और चूरू जिलों में आज दिन में तेज गर्मी के चलते दोपहर में लोगों की बाजारों में आवाजाही कम रही। फलौदी जिले में तेज गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित रहा।

......................

बाड़मेर, बालोतरा में आज धूलभरी आंधी चलने से लोगों को गर्मी से थोडी राहत मिली। जैसलमेर ज़िले में भीषण गर्मी, लू और तापघात को ध्यान में रखते हुए आमजन को बिजली, पानी और चिकित्सा सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए ज़िला प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले दो दिन, जोधपुर, बीकानेर संभाग में कुछ स्थानों पर तेज धूलभरी हवा चलने के आसार है।

................

000

राज्य के खान और भू–विज्ञान विभाग ने वर्ष 2025–26 के राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति का रोड़मेप बनाकर क्रियान्वयन की कार्ययोजना जारी कर दी है। प्रमुख सचिव खान और भूविज्ञान टी. रविकान्त ने कहा कि प्रबंधकीय दक्षता और एग्रेसिव रणनीति बनाते हुए राजस्व लक्ष्यों को पूरा किया जाएगा। हाल ही समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी 9 हजार 228 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व संग्रहित कर राजस्व प्राप्त करने वाले विभागों में खान विभाग अव्वल रहा। श्री टी. रविकान्त ने आज खनिज भवन में आयोजित बैठक में विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति में किसी भी स्तर पर कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

000

संयुक्त प्रवेश परीक्षा – जेईई मेन 2025 का परिणाम कल घोषित किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने यह जानकारी दी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी। इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

000